हिंदी दैनिक

# उदय समाचार

एक नई सोच

वर्ष : 01 अंक : 218 कानपुर, शुक्रवार 5 अगस्त 2022 पृष्ठ :4 मूल्य : 2 रुपये

## आज कड़ी सुरक्षा में होगी जुमे की नमाज, चप्पे-चप्पे पर तैनात रहेगी फोर्स

## पीएम मोदी ने श्रीमद राजचंद्र मिशन धर्मपुर की विभिन्न परियोजनाओं का किया उद्घाटन

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से गुजरात के वलसाड जिले में श्रीमद राजचंद्र मिशन धर्मपुर की विभिन्न परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास कार्यक्रम में हिस्सा लिया। इस दौरान उन्होंने कहा कि आज मल्टी स्पेशलिटी अस्पताल का लोकार्पण हुआ है तो पशुओं के अस्पताल का शिलान्यास हुआ है। महिलाओं के लिए सेंटर फॉर एक्सीलेंसी का निर्माण कार्य भी आज से शुरू हुआ है। इससे गुजरात के ग्रामीणों, गरीबों, हमारी माता और बहनों को बहुत लाभ होगा। उन्होंने कहा कि आजादी के अमृत महोत्सव में देश अपनी उन संतानों को याद कर रहा है, जिन्होंने भारत को गुलामी से बाहर निकालने के लिए प्रयास किए। श्रीमद राजचंद्र जी ऐसे ही संत थे, जिनका एक विराट योगदान इस देश के इतिहास में है। प्रधानमंत्री मोदी ने वलसाड़ जिले में डिजिटल तरीके से एक अस्पताल का उद्घाटन करने के बाद कहा कि मैं सभी लोगों से अपील करता हूं कि वे कोविड–19 रोधी टीके की बूस्टर खुराक लें।

उन्होंने कहा कि देश की नारीशक्ति को आजादी के अमृतकाल में राष्ट्रशक्ति के रूप




में सामने लाना हम सभी का दायित्व है। केंद्र सरकार आज बहनों–बेटियों के सामने आने वाली हर उस अड़चन को दूर करने में जुटी है, जो उसे आगे बढ़ने से रोकती है।

## आजम खान से मिलने मेदांता अस्पताल पहुंचे अखिलेश यादव, कहा– तबीयत बेहतर

समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव गुरुवार की शाम आजम खान से मिलने मेदांता अस्पताल पहुंचे। अस्पताल से बाहर आने पर अखिलेश ने कहा कि उनकी तबीयत बेहतर है। आजम को बुधवार की शाम तबीयत बिगड़ने पर यहां भर्ती कराया गया था। गुरुवार को उन्हें आईसीयू में शिफ्ट किया गया। डॉक्टरों ने उनकी हालत क्रिटिकल बताई है। अस्पताल से निकलने पर मीडिया से बातचीत में अखिलेश यादव ने कहा कि आजम खान से मिला, उनसे बातचीत हुई। उनकी तबीयत ठीक है। वह पहले से बेहतर हैं। आजम खान को लेकर अखिलेश यादव पिछले कुछ समय से निशाने पर रहे हैं।



उनके चाचा शिवपाल यादव और गठबंधन के साथी रहे सुभासपा प्रमुख ओपी राजभर ने भी एक दिन पहले ही अखिलेश और रामगोपाल यादव पर आजम का नाम लेकर निशाना साधा था। ऐसे में अखिलेश यादव का आजम खान से मिलना पहुंचने को विरोधियों की बोलती बंद करने की दिशा में कदम माना जा रहा है। इससे पहले भी जब जेल में रहने के दौरान आजम खान और अखिलेश के बीच दूरियां बनीं तो यह अस्पताल में ही पहली बार दोनों की मुलाकात हुई थी। आजम खान से मिलने अखिलेश यादव दिल्ली के गंगा राम अस्पताल पहुंचे थे।

## विपक्ष पर बरसे अमित शाह, बोले– नीतिगत पंगुता के कारण यूपीए सरकार में हुए घोटाले

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मोदी सरकार की जमकर तारीफ की है। शाह ने विरोधी दलों पर निशाना भी साधा है। अमित शाह ने कहा कि बीते आठ सालों में मोदी सरकार ने समावेशी और सभी तक पहुंचने वाली सरकार दी। शाह ने इस दौरान पूर्ववर्ती यूपीए सरकार की आलोचना भी की। उन्होंने कहा कि यूपीए सरकार में नीतिगत पंगुता थी, जिसके कारण कई घोटाले हुए। बता दें कि शाह देश की स्वतंत्रता के 75 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में भारतीय उद्योग परिसंघ द्वारा आयोजित संकल्प से सिद्धि कार्यक्रम में बोल रहे थे। इस दौरान उन्होंने कहा, बीते आठ सालों में पीएम मोदी ने सर्व स्पर्शी, सर्व समावेशी सरकार दी है।

देश में ऐसा कोई क्षेत्र नहीं जहां सुधार नहीं हुए और हमने पूरे समाज की भलाई की शपथ ली है। अप्रत्यक्ष रूप से



पूर्ववर्ती यूपीए सरकार का जिक्र करते हुए शाह ने कहा कि 2014 से पहले एक समय था जब नरेन्द्र मोदी को प्रधानमंत्री के तौर पर नहीं माना जाता था, क्योंकि हर मंत्री का मानना था कि वह खुद प्रधानमंत्री है। शाह ने आगे कहा कि तब देश में नीतिगत पंगुता थी और 12 लाख करोड़ रुपये के घोटाले हुए थे। शाह ने ये भी कहा कि उस समय घोर पूंजीवाद और महंगाई चरम पर थी। साल 2014 में हुए लोकसभा चुनाव में जीत को लेकर शाह ने कहा कि इन घटनाक्रमों ने देश को बहुमत के साथ सरकार बनाने का सर्वसम्मति से निर्णय लिया।

## सीएम योगी ने आजमगढ़ को दिया 143 करोड़ का रिटर्न गिफ्ट, पैरामेडिकल कॉलेज और शोध पीठ की होगी स्थापना

समाजवादी पार्टी के गढ़ आजमगढ़ में लोकसभा उपचुनाव में भाजपा को मिली बड़ी जीत का रिटर्न गिफ्ट गुरुवार को सीएम योगी ने जिले को दिया। सीएम योगी ने 143 करोड की योजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण किया। आईटीआई मैदान में एक जनसभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने जनता का आभार व्यक्त करते हुए इन योजनाओं की सौगात दी। मुख्यमंत्री ने जल्द ही जिले में पैरामेडिकल कॉलेज और एक शोध पीठ की स्थापना के साथ ही साथ एक बड़ा रोजगार मेला लगाए जाने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि अब आजमगढ़ के विकास को पंख लग चुके हैं। विश्वविद्यालय के निर्माण में भी तेजी आएगी। मुख्यमंत्री ने इस दौरान राज्य सरकार की कुछ योजनाओं के लाभार्थियों को मौके पर प्रमाण पत्र भी दिया। लगभग 20 मिनट के अपने संबोधन में मुख्यमंत्री ने बार–बार आजमगढ़ समेत पूर्वांचल के विकास पर चर्चा की। सीएम योगी ने इस दौरान 31 परियोजनाओं का लोकार्पण और 19 परियोजनाओं का शिलान्यास किया। एक दक्ष चालक बनाने वाले ट्रेनिंग सेंटर का भी सीएण योगी ने लोकार्पण किया। इसके अलावा सगड़ी तहसील के देवारा के पंद्रह गांव को घाघरा नदी के कहर से बचाने वाले एक बांध का लोकार्पण भी किया। ये बांध ग्रामीणों को बाढ़ से हमेशा के लिए राहत देंगे। इन गांव में करीब 50 हजार से अधिक की आबादी है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ हरिहर गांव में स्थित संगीत अकादमी भी पहुंचे। यहां पहुंचने पर उनका जोरदार स्वागत किया गया। इस दौरान



बताया गया कि सारंगी विलुप्त हो रही है। कलाकार बच्चों द्वारा सारंगी वादन किया गया। जो सीएम को काफी रास आया। बताया कि सारंगी वादन खत्म हो रहा है। इसे पुनः जिंदा किया जाएगा। लखनऊ महोत्सव में सहभाग करवाने का निवेदन किया गया। इस दौरान सारंगी पर राम रस धुन बजाकर सीएम को सुनाया गया। जिसे सुनकर वह मंत्र मुग्ध हो गये। इसके बाद अजय मिश्र, मोहन मिश्र आदि ने कजरी गीत सुनाया गया। बताया गया कि यहां के कलाकार संसाधनों के अभाव में पलायन कर रहे हैं। यह घराना बहुत पुराना है। 27 28 को कजरी महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। स्कूली बच्चों को सीएम ने स्कूली बैग बांटा।

## केजरीवाल ने कसा तंज, बोले– गुजरात में पैर फैला रही आप, इसलिए बौखलाई भाजपा

दिल्ली के बाद अब गुजरात में भी आम आदमी पार्टी बहुत तेजी से आगे बढ़ रहे है। ऐसे में दिल्ली के सीएम और आम आदमी पार्टी के संयोजक अरविंद केजरीवाल ने अपने गुजरात दौरे से पहले बीजेपी पर निशाना साधा है। आपको बता दें कि केजरीवाल 6 और 7 अगस्त को दो दिनों के दौरे पर गुजरात दौरे पर जाएंगे और इस दौरान वहां जनसभा को संबोधित करेंगे। गुरुवार को केजरीवाल ने गुजरात सरकार पर निशाना साधते हुए ट्वीट किया और दावा किया भाजपा आप की बढ़ती लोकप्रियता से बौखला गई है। फ़िलहाल केजरीवाल का यह ट्वीट चर्चा में बना हुआ है। दरअसल चर्चा में बने रहने वाले दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने ट्वीट करते हुए कहा, आप गुजरात में तेज़ी से बढ़ रही है। भाजपा बुरी तरह बौखलाई हुई है। क्या ये सच है कि आगामी विधानसभा चुनाव में भाजपा गुजरात में अमित शाह जी को सीएम चेहरा घोषित करने जा रही है? भूपेन्द्रभाई पटेल के काम से क्या भाजपा भी नाराज है?' इस तरह केजरीवाल ने भाजपा पर निशाना साधा है। गौरतलब हो कि इसी साल के अंत तक गुजरात विधानसभा चुनाव होने हैं और आम आदमी पार्टी ने पूरी तरह कमर कस ली है। आप ने विधानसभा चुनाव पूरी ताकत से लड़ने की तैयारी कर ली है।

पिछले एक महीने में कई बार केजरीवाल गुजरात का दौरा कर चुके हैं। इस तरह वे अपनी जगह गुजरात में पक्की कर रहे है। जैसा की हमने आपको पहले ही बताया है कि दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल एक बार फिर दो दिवसीय गुजरात दौरे पर आ रहे हैं जिसके तहत 6 अगस्त को टाउनहाल में जामनगर के व्यापारियों को संबोधित करेंगे



और सात अगस्त को छोटा उदयपुर में एक जनसभा को संबोधित करेंगे। इस दौरान अरविंद केजरीवाल कई बड़े ऐलान कर सकते हैं। अब गुजरात वासियों की नजर केजरीवाल के इस जनसभा पर है।

## तिरंगा को लेकर आरएसएस के रुख पर असदुद्दीन ओवैसी ने उठाए सवाल, कहा- प्रधानमंत्री मोदी स्पष्ट करें स्थिति



एआईएमआईएम के प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने कहा कि मैंने अपने ट्वीट के जरिए कहा कि ऑर्गनाइजर पत्रिका आरएसएस का मुखपत्र है. असदुद्दीन ओवैसी ने कहा कि 17 जुलाई 1947 को आरएसएस ने कहा था कि देश के राष्ट्रीय ध्वज का रंग भगवा होना चाहिए. देश के प्रधानमंत्री कहते हैं कि आरएसएस उनकी नींव है और उन्हें इससे प्रेरणा मिली है.

### तिरंगा पर स्थिति स्पष्ट करें पीएम मोदी

एआईएमआईएम के सांसद असदुद्दीन ओवैसी ने तिरंगा को लेकर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के रुख पर सवाल उठाते हुए कहा कि आरएसएस पत्रिका ने भी कहा झंडे में तीन रंग बुरे हैं. मैं प्रधानमंत्री से सवाल करता हूं कि उन्होंने जो कहा है वह सही है या गलत, उन्हें स्पष्ट करना चाहिए.

### राहुल गांधी का संघ पर हमला

कर्नाटक में मौजूद राहुल गांधी ने भी ट्वीट कर लिखा, कर्नाटक खादी ग्रामोद्योग के सभी साथियों से मिलकर बहुत खुशी हुई. इतिहास गवाह है, हर घर तिरंगा मुहिम चलाने वाले उस देशद्रोही संगठन से निकले हैं, जिन्होंने 52 सालों तक तिरंगा नहीं फहराया. आजादी की लड़ाई से, ये कांग्रेस पार्टी को तब भी नहीं रोक पाए और आज भी नहीं रोक पाएंगे. वहीं, कांग्रेस प्रवक्ता पवन खेड़ा ने भी आरएसएस के ट्विटर अकाउंट का स्क्रीनशॉट शेयर करके तंज किया है.

### जानें क्या है मामला

पीएम नरेंद्र मोदी की अपील पर अमल न करने के कारण आरएसएस आलोचनाओं का सामना कर रहा है. दरअसल, पिछले दिनों पीएम मोदी ने आजादी के अमृत उत्सव के दौरान सोशल मीडिया डीपी को तिरंगे के रूप में बदलने की अपील की थी. खुद पीएम मोदी ने भी ऐसा ही किया और बीजेपी के नेता और मंत्री भी ये कर रहे हैं. लेकिन, आरएसएस और आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत का डीपी नहीं बदला है. इसी को लेकर वे विपक्ष के निशाने पर हैं.

## टैक्नोलॉजी तेजी से बदल रही है, मॉडर्न कानून की जरूरत है, पर्सनल डेटा प्रोटेक्शन बिल वापसी पर बोले अश्विनी वैष्णव

पर्सनल डेटा प्रोटेक्शन बिल पर वापस लेने पर केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि संयुक्त संसदीय समिति ने बहुत बड़ी संख्या में हितधारकों से परामर्श किया। इसके बाद, संसद की संयुक्त समिति ने एक बहुत व्यापक रिपोर्ट दी, जिसमें एक बिल में 81 संशोधनों की सिफारिश की गई जो कि 99 सेक्शन का था। वैष्णव ने कहा कि पूरे बिल को फिर से लिखा जा रहा था। संशोधनों के अलावा कमिटी की ओर से करीब 12 प्रमुख सुझाव आए थे। इसलिए यह सुनिश्चित करने के लिए कि हम एक बहुत अच्छा व्यापक बिल लाएंगे। इसे वापस लेना महत्वपूर्ण था और बहुत जल्द हम नया बिल लेकर आएंगे।केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि पूरी डिजिटल अर्थव्यवस्था के साथ जो हमारे पास है और जिस तरह से टैक्नोलॉजी तेजी से बदल रही है, हमें एक समकालीन और मॉडर्न कानूनी ढांचे की जरूरत है। सरकार इस पर काम कर रही है और पर्सनल डेटा प्रोटेक्शन बिल उसी का हिस्सा होगा। इसलिए, कानूनी ढांचे में बदलाव किया गया है। अश्विनी वैष्णव ने कहा कि सोशल मीडिया को जवाबदेह बनाने पर हमने जो ध्यान दिया है उसके अच्छे नतीजे मिले हैं। कानून प्रवर्तन एजेंसी के किसी भी अनुरोध पर अच्छी प्रतिक्रिया मिलती है। किसी भी दबाव में आने का सवाल ही नहीं है, वापसी एक बहुत ही




कंसस निर्णय और एक सोची–समझी प्रक्रिया है।

# सम्पादकीय

## इलेक्ट्रॉनिक माध्यमों पर सवाल

मीडिया भले ही तमाम रूपों में सूचनाओं और विचारों का प्रसार कर रहा है, लेकिन मौजूदा दौर में वर्चस्व इलेक्ट्रॉनिक मीडिया यानी टीवी चौनलों का ही है. आज इंटेलिजेंसिया हो या फिर लोकप्रियता, सबका पैमाना इलेक्ट्रॉनिक मीडिया पर उपस्थिति से तय होता है. इलेक्ट्रॉनिक माध्यमों में मसाला पत्रकारिता अब चरम दौर में है. दिलचस्प है कि समाज का बौद्धिक और संजीदा वर्ग इलेक्ट्रॉनिक माध्यमों से दूरी बनाकर रखता है. लेकिन, उस आम जनता का क्या करें, जो अब भी मीडिया साक्षरता से दूर है. वह वितंडावादी दृश्यों को ही हकीकत मान लेती है. शायद यही वजह है कि देश के सर्वोच्च न्यायाधीश तक को अब मीडिया पर टिप्पणी करनी पड़ रही है. न्यायमूर्ति एनवी रमन्ना के संदेशों को इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के कर्ताधर्ताओं को अब समझना चाहिए.

आमतौर पर, न्यायपालिका किसी मुद्दे पर सार्वजनिक विचार व्यक्त करने से बचती है. जब वह खुलकर बोलने लगे, तो समझना चाहिए कि वह उस मुद्दे को लेकर क्या सोच रही है. मीडिया को खुद अपने अंदर झांकने की कोशिश करनी चाहिए. शुरुआती दौर में इलेक्ट्रॉनिक मीडिया ने रिपोर्टिंग पर ज्यादा ध्यान दिया. लेकिन, बाद के दिनों में रिपोर्टिंग पर होनेवाले भारी–भरकम खर्च में कटौती करते हुए इलेक्ट्रॉनिक चौनलों ने बहसों की शुरुआत की.

अन्ना के भ्रष्टाचार विरोधी आंदोलन के दौरान 2011 में इस चलन को गति मिली. एंकर की भूमिका ऐसे रिंग मास्टर में तब्दील होती चली गयी, जिसका काम स्टूडियो या स्क्रीन पर उपस्थित दो–चार राजनीतिक बिल्लियों को लड़ाना हो गया. राजनीतिक विषयों की चौनली बहसों और उसके संचालनकर्ताओं की कामयाबी, कुकुरझौंझ की लंबाई और हंगामे की बुनियाद पर तय होने लगी. आनंद की बात है कि इलेक्ट्रॉनिक माध्यमों के संपादकीय आका रहे लोग भी इसे अब गड़बड़ बताने से नहीं हिचक रहे. जबकि, उनके हाथ में जब कमान थी तो टेलीविजन रेटिंग प्वॉइंट के बहाने टेलीविजन के स्क्रीन को गड़बड़ और भ्रष्ट बनाते वक्त अपनी सारी संपादकीय नैतिकता वे भूल गये थे.

रांची में देश के प्रधान न्यायाधीश का यह कहना कि टीवी पर होने वाली बहसें श्पक्षपातीश, श्दुर्भावना से भरीश और श्एजेंडा चलितश हैं, यह मामूली बात नहीं है. उनका कहना है कि मीडिया पर पक्षपात से भरी बहसें लोगों, व्यवस्था और जनतंत्र को नुकसान पहुंचा रही हैं, जिससे न्याय व्यवस्था पर भी बुरा असर पड़ता है. समाज का संजीदा तबका तो पहले से ही मान रहा था कि चौनलों की बहसों में गहराई नहीं होती, संचालन कर्ताओं को विषयों की गहरी जानकारी कम ही होती है. न्यायमूर्ति रमन्ना भी इसे स्वीकार कर रहे हैं.

उनका कहना है कि मीडिया में गलत जानकारी और एजेंडा पर आधारित बहसें, कंगारू अदालतों के समान हैं जो श्जनतंत्र को दो कदम पीछेश ले जा रही हैं. इलेक्ट्रॉनिक वर्चस्व के दौर में भी एक बात सर्व स्वीकार्य है– छापे यानी प्रिंट का माध्यम इलेक्ट्रॉनिक माध्यमों की तुलना में अब भी ज्यादा संजीदा और जवाबदेह है. चाहे समाचार हो या विचार, वह संतुलित रुख अख्तियार करने की कोशिश करता है.

चूंकि, छापे के माध्यम का जन्म गुलाम भारत में हुआ और उसका विकास स्वाधीनता आंदोलन के साथ हुआ है. इस वजह से स्वाधीनता आंदोलन के दौरान हमारे लोकवृत्त ने जिन जीवन मूल्यों को आत्मसात किया, उससे छापे का माध्यम अछूता नहीं है. स्वाधीनता आंदोलन की कोख से उपजे छापे के माध्यम में इलेक्ट्रॉनिक माध्यमों की तुलना में संजीदगी कहीं ज्यादा नजर आती है. यहां अतिवादी दृष्टिकोण अपवाद के तौर पर दिख सकता है. प्रिंट माध्यम ने घोषित–अघोषित तरीके से अपने दिशा–निर्देश तय कर रखे हैं. ये उसके कर्ताधर्ताओं के जीन में इस कदर रच–बस गया है कि उनका अवचेतन लगातार सक्रिय रहता है. इसे प्रधान न्यायाधीश भी रेखांकित करते हैं. व्याख्यान में उन्होंने कहा भी है कि प्रिंट मीडिया में अभी भी कुछ हद तक जवाबदेही बाकी है. इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में कोई जवाबदेही नहीं है और सोशल मीडिया तो और भी बदतर है. सोशल मीडिया तो ज्यादा बेलगाम और अशिष्ट हो गया है. फेक न्यूज, भ्रामक जानकारी के साथ ही तोड़े–मरोड़े तथ्यों को प्रस्तुत करने में उसका कोई सानी भी नहीं है. सोशल मीडिया को नियंत्रित करने की मांग होती रही है. सोशल मीडिया पर लगाम की किंचित कोशिशें भी हो रही हैं, लेकिन पारंपरिक मीडिया के विस्तार के तौर पर स्थापित इलेक्ट्रॉनिक माध्यम पर रोक लगाने की सीधी कोशिश से बचा जाता रहा है.

स्वनियमन और स्वनियंत्रण की अवधारणा के तहत इलेक्ट्रॉनिक माध्यम कथित रूप से खुद को संयमित और नियंत्रित करता रहा है. लेकिन देश के प्रधान न्यायाधीश ने जिस तरह टिप्पणियां की हैं, उससे साफ है कि अगर इलेक्ट्रॉनिक माध्यम ने अपनी जिम्मेदारी को नहीं समझा, भूमिका को संयमित करने की कोशिश नहीं की, तो देर–सवेर उस पर न्यायपालिका का चाबुक चल सकता है. अगर न्यायपालिका का चाबुक चला तो फिर कार्यपालिका को खुली राह मिल जायेगी. पहले से ही माध्यमों की मुश्क कसने की फिराक में बैठी कार्यपालिका भी अपना करतब दिखाने से नहीं चूकेगी, इसलिए जरूरी है कि इलेक्ट्रॉनिक माध्यमों के कर्ता–धर्ता आसन्न खतरे को समझ लें और जिम्मेदार बनने की कोशिश करें, ताकि टीवी के पर्दे पर खीझ, झल्लाहट, चिखमचिल्ली की बजाय संयत बहसें दिखें, जिससे लोग कुछ सीख सकें, महज मनोरंजन ना करें.

**उदय समाचार**

**दैनिक**

**स्वामी प्रकाशक व मुद्रक उदय कुशवाहा द्वारा हर्षिता प्रिंटर्स साकेत नगर कानपुर नगर (उ प्र) से छपवाकर कार्यालय - जवाहर नगर पूर्वी घाटमपुर कानपुर नगर से प्रकाशित।**

**संपादक**

**उदय कुशवाहा**

Title Code - UPHIN49938

**नोट- समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त लेखों एवं समाचारों की जिम्मेदारी लेखकों की होगी । सभी विवादों का न्याय क्षेत्र कानपुर न्यायालय मान्य होगा ।**

# आज का इतिहास – 5 अगस्त

आज का इतिहास में आज हम जानेंगे 5 अगस्त से जुडी घटनाओं के बारे में । बता दें कि इतिहास के पन्नों में 5 अगस्त के दिन भारत और विश्व में घटी ऐसी बहुत सी महत्वपूर्ण घटनायों का जिक्र है जिनके बारे में जानना बेहद दिलचस्प है । कई बार आपने भी इतिहास के विषय में बहुत सी ऐसी ऐतिहासिक घटनाओं के बारे में पढ़ा और सुना होगा जिसका संबंध 5 अगस्त के इतिहास से संबधित रहा होगा। कुछ इतिहास के पन्नों को पलट कर जानने की कोशिश करते हैं कि आज के दिन यानी 5 अगस्त को देश और दुनिया में कौन –कौन सी मुख्य घटनाएं घटी थीं। अक्सर हम सुनते हैं कि हमारा इतिहास बहुत पुराना हैं, लेकिन हमें हमारे देश और दुनिया के इतिहास की पूरी जानकारी नहीं इसलिए हम यहाँ हमारा एक छोटा सा प्रयास कर रहे हैं जो आपको पूरे देश और दुनिया की इतिहास की और आज के इतिहास की जानकारी मिल सके जिससे आपका ज्ञान और बढ़ सके। तो चलिए आज जानते हैं 5 अगस्त के इतिहास की कुछ महत्वपूर्ण घटनाओं के बारें मे, उन लोगों के जन्मदिन के बारे में जिन्होंने दुनिया में आकर बहुत बड़ा नाम किया साथ ही उन मशहूर लोगों के बारे में जो इस दुनिया से चले गए। उल्लेखनीय 5 अगस्त को भारत और विश्व में कई घटनाओं हुई जिनका इतिहास के पन्नो में नाम दर्ज है और अक्सर आप सभी ने इतिहास के विषय में बहुत सी ऐसी ऐतिहासिक घटनाओं के बारे में पढ़ा होगा जिसका 5 अगस्त के इतिहास से संबधित हो। आपको बता दें की आज के दिन 2008 में भारत के अंडमान निकोबार द्वीप से 176 मील उत्तर–पूर्व में हिंद महासागर में 5.5 तीव्रता के भूकंप का झटका महसूस किया गया। 2010 में कश्मीर (भारत) के लेह में बादल फटने से तथा उसके बाद आई बाढ़ में 115 लोगों की मृत्यु हो गई।

2011 में नासा के वैज्ञआनिकों ने साइंस पत्रिका में मंगल ग्रह पर बहता पानी होने का दावा किया। 2013 में भारत की जूनियर महिला हॉकी टीम ने जर्मनी में संपन्न हुए विश्वकप में इंग्लैंड को 3–2 (1–1) से हराकर कांस्य पदक जीता। 1950 में भारत के प्रसिद्ध स्वतंत्रता सेनानी और असम के प्रथम मुख्यमंत्री गोपीनाथ बोरदोलोई का निधन हुआ था।




1915 में प्रसिद्ध कवि शिवमंगल सिंह सुमन का जन्म हुआ था। 1901 में भारत के प्रसिद्ध राजनेता, स्वतंत्रता सेनानी, पत्रकार, साहित्यकार तथा मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री द्वारका प्रसाद मिश्रा का जन्म 5 अगस्त 1901 को हुआ था। 1991 में न्यायमूर्ति लीला सेठ दिल्ध्ली हाईकोट में जज बनने वाली पहली भारतीय महिला बनीं। 1888 में कार का अविष्कार करने वाले कार्ल बेंज ने अपनी पहली कार का पेटेंट 1886 में करवाया था।

# मिड डे मील– जहानाबाद के स्कूल में बच्चियों ने बनवाया जाता है मिड डे मील का खाना


बिहार के जहानाबाद से मिड डे मील से जुड़ा एक हैरान कर देने वाला मामला सामने आया है. यहां स्कूल के शिक्षक पढ़ने आने वाली बच्चियों से ही मिड डे मील का खाना बनवाते हैं. सरकार की जिस योजना का मकसद बच्चों को शिक्षा के साथ पोषक आहार देना है, उसी योजना के तहत छोटे बच्चों से स्कूल के शिक्षक खाने बनवाने का काम कर रहे हैं. गौरतलब है कि सरकार के द्वारा देश में मिड डे मील योजना की शुरू का उद्देश्य सरकारी स्कूलों में बच्चों की उपस्थिति बढ़ाने और अधिक से अधिक बच्चों को स्कूलों से जोड़ना है. मगर स्कूलों में मिड डे मील योजना का बूरा हाल है. स्कूल में बच्चो को सबसे घटिया खाना दिया जाता है. ऐसे में स्कूल में चलने वाली इस योजना पर भी सवाल उठने लगे हैं.

**पढ़ने के बजाए बच्चे कर रहे हैं काम**

वायरल वीडियो मखदुमपुर प्रखंड क्षेत्र में सेरथुआ मध्य विद्यालय है. यहां छात्राओं से मिड डे मील बनवाया जाता है. स्कूली छात्राओं से मध्याह्न भोजन तैयार करवाने का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है. वीडियो में साफ देखा जा सकता है कि स्कूल में छोटी–छोटी बच्चियां सब्जी काट रही है. वहीं पास बैठी बच्ची चावल से कंकड़ साफ कर रही है. बच्चों ने बताया कि शिक्षक रोज उनसे ही खाना बनाते हैं. बच्चियों को स्कूल आने के बाद खाना बनाने के काम में लगा दिया जाता है. इस बीच शिक्षकों को भी उन्हें पढ़ाने से आराम मिल जाता है.

**पहले भी आ चूके हैं ऐसे मामले**

हाल में ही जहानाबाद के धनरूआ प्रखंड के नदपुरा उत्क्रमित मध्य विद्यालय में बच्चों से चापाकल से पानी भरवाने का वीडियो भी सामने आया था. इस मामले में बताया गया था कि स्कूल में मिड डे मील बनाने के लिए बच्चों से पानी भरवा कर मंगवाया जाता था. स्कूल का चापाकल खराब है. हालांकि अभी ये मामला ठंडा भी नहीं हुआ था. उससे पहले की ये वीडियो सामने आ



गया. वीडियो के वायरल होने के बाद स्कूल शिक्षा से जुड़े अधिकारी भी कुछ कहने से बचते नजर आ रहे हैं.

# पाकिस्तान-चीन की खैर नहीं, दुश्मनों के बख्तरबंद को पलभर में ढेर कर देगा भारत का यह खतरनाक हथियार

चीन और पाकिस्तान की ओर से लगातार मिल रहे चुनौतियों के बीच भारत ने एक और उपलब्धि हासिल की है. सुरक्षा चुनौतियों के बीच भारत ने लेजर–गाइडेड एंटी–टैंक गाइडेड मिसाइल का सफल परीक्षण कर लिया है. इस कामयाबी पर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने डीआरडीओ और भारतीय सेना को बधाई दी है.

अर्जुन टैंक से सफल परीक्षणरू स्वदेशी रूप से विकसित इस लेजर–गाइडेड एंटी–टैंक गाइडेड मिसाइल का डीआरडीओ और भारतीय सेना ने केके रेंज में युद्धक टैंक अर्जुन से आज यानी 4 अगस्त को आर्मर्ड कोर सेंटर एंड स्कूल अहमदनगर के समर्थन से सफलतापूर्वक परीक्षण किया. एटीजीएम मिसाइल के सफल परीक्षण से भारत की ताकत में और इजाफा हो गया है.

डीआरडीओ ने एटीजीएम को मल्टी–प्लेटफॉर्म लॉन्च क्षमता के साथ विकसित किया है. अभी एटीजीएम एमबीटी अर्जुन टैंक की 120 मिमी राइफल्ड गन से तकनीकी मूल्यांकन परीक्षण चल रहा है. आज के परीक्षणों के साथ, न्यूनतम से अधिकतम सीमा तक लक्ष्यों को शामिल करने की एटीजीएम की क्षमता की स्थिरता सफलतापूर्वक स्थापित की गई है.

अलग–अलग रेंज में सफल परीक्षणरू मिसाइलों ने सटीकता के साथ प्रहार किया और दो अलग–अलग रेंज में लक्ष्यों को सफलतापूर्वक भेद दिया. ऑल–इंडिजिनस लेजर गाइडेड एटीजीएम मिसाइल एक्सप्लोसिव रिएक्टिव आर्मर (ईआरए) संरक्षित बख्तरबंद वाहनों को नष्ट करने के लिए टेंडेम हाई एक्सप्लोसिव एंटी–टैंक (हीट) वारहेड का इस्तेमाल करता है.



# कलकत्ता हाईकोर्ट ने CBI जांच से किया इनकार, झारखंड कांग्रेस के गिरफ्तार 3 विधायकों की याचिका की खारिज

कलकत्ता हाईकोर्ट ने झारखंड कांग्रेस के गिरफ्तार तीन विधायकों द्वारा जांच CBI को सौंपने की याचिका खारिज कर दी है. कोर्ट ने इसकी बजाय ब्ब्क को निष्पक्ष तरीके से जांच जारी रखने की अनुमति दी है. रुपये के साथ गिरफ्तार तीन कांग्रेस विधायक डॉ इरफान अंसारी, राजेश कच्छप और नमन विक्सल कोंगाड़ी ने कलकत्ता हाईकोर्ट में CBI या किसी भी केंद्रीय जांच एजेंसी से जांच कराने की मांग की थी. इसी के तहत हाईकोर्ट ने आदेश दिया.

**CID जांच पर उठाए सवाल**

गुरुवार को कलकत्ता हाईकोर्ट में सुनवाई के बाद विधायकों की याचिका को खारिज करते हुए CBI को निष्पक्ष तरीके से जांच जारी रखने की अनुमति दी. बता दें कि तीन कांग्रेसी विधायकों ने CID जांच पर सवाल उठाते हुए याचिका दाखिल की थी. गिरफ्तार तीनों कांग्रेसी विधायकों ने मामले की शीघ्र सुनवाई करने को लेकर हाईकोर्ट में आवेदन दिया था.

**CBI या किसी केंद्रीय जांच एजेंसी को सौंपने की मांग की थी**

विधायकों ने अपनी याचिका में कहा कि इस मामले की जांच



CBI या किसी केंद्रीय जांच एजेंसी को सौंपी जाए. अपनी याचिका में विधायकों ने कहा था कि बंगाल सरकार की जांच प्रक्रिया को राजनीतिक रूप से प्रभावित किया जा सकता है. इसी के आधार पर गुरुवार को हाईकोर्ट में याचिका पर सुनवाई हुई.

**30 जुलाई को 49 लाख रुपये के साथ गिरफ्तार हुए थे कांग्रेस के तीन विधायक**

मालूम हो कि गत 30 जुलाई, 2022 को झारखंड कांग्रेस के तीन विधायकों को पश्चिमी बंगाल की हावड़ा पुलिस ने 49 लाख रुपयों के साथ पकड़ा गया था. इसके बाद इस मामले की जांच CBI को सौंप दिया गया था. इसी के तहत तीनों विधायकों ने CBI जांच पर सवाल उठाया था. इधर, बुधवार को तीनों विधायकों की ओर से अधिवक्ता ने न्यायाधीश के समक्ष मामले की त्वरित सुनवाई की अपील की थी. अधिवक्ता सिद्धार्थ लूथरा ने हाईकोर्ट में कहा था कि जब्त रुपयों को आयकर या काला धन कानून के तहत गिरफ्तार नहीं बताया गया है.

# चौकीदारों को किया गया सम्मानित, वितरण की गई ड्रेस

उदय समाचार । कानपुर । घाटमपुर कस्बे में स्थित मंडी समिति के पास बनी क्षेत्राधिकारी ऑफिस में क्षेत्राधिकारी तेज बहादुर सिंह के द्वारा चौकीदारों को सम्मानित किया गया व उन्हें ड्रेस भी वितरण की गई, जानकारी के अनुसार बता दें कि कस्बा स्थित मंडी समिति में स्थित क्षेत्राधिकारी ऑफिस में क्षेत्र के तमाम गांव के चौकीदारों को बुलाकर क्षेत्राधिकारी तेज बहादुर सिंह के द्वारा चौकीदारों को माला पहनाकर सम्मानित किया गया है और ड्रेस भी वितरण कि गई है, इस मौके पर उपस्थित रहे क्षेत्राधिकारी तेज बहादुर सिंह व मनोज भदोरिया ने मिलकर करीब दो दर्जन चौकीदारों का सम्मान किया व क्षेत्राधिकारी तेज बहादुर सिंह के द्वारा चौकीदारों से बताया गया, कि आप हमारे आंख और कान हैं जिससे हमें हर घटनाओं में आप लोगों से आसानी मिलती है, आप लोग एक्टिव रहेंगे तो हम क्राइम करने वालों पर शिकंजा कस सकते हैं, व आप लोगों को बहुत ही मजबूती के साथ अपनी ड्यूटी पर आना होगा, जिससे कि बढ़ती घटनाओं को रोका जा सके, जैसे की चोरी मारपीट अवैध कार्य व महिलाओं पर उत्पीड़न जैसी घटनाओं को देखते ही आप नजदीकी चौकी या थाने पर संपर्क कर घटना की जानकारी प्राप्त कराएं, और मुझ तक भी पहुंचाई जाए यह अपील क्षेत्राधिकारी तेज बहादुर सिंह के द्वारा सभी चौकीदारों से की गई वही सम्मान पाकर चौकीदारों के चेहरों में खुशी देखने को मिली है



## चोरों के हौसले बुलंद- दुकान को निशाना बना चोरी की घटना को दिया अंजाम



कानपुर । घाटमपुर कस्बे में चोरों के हौसले हैं बुलंद, लगातार चोरियों की घटनाओं को दे रहे हैं अंजाम, नहीं है पुलिस का कोई भी डर, एक ही दुकान को बनाया 4 बार निशाना, बता दें कि कस्बे के दीना मार्केट में एक ही दुकान में 2 हफ्ते के अंदर लगभग तीन से चार बार चोरी की वारदात को अंजाम बेखौफ चोरों ने दिया है, बता दें कि कस्बा स्थित डाकखाना रोड में स्थित दीना मार्केट में, राजु वर्मा की इलेक्ट्रॉनिक की दुकान है, दुकानदार राजू के द्वारा बताया गया कि उसकी दुकान मे 2 हफ्ते के अंदर लगभग 3 से 4 बार चोरी हो चुकी है, वही बीती रात बेखौफ चोरों ने फिर से राजू की दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे कि चोरी कर वारदात को अंजाम देते हुए चोर रफूचक्कर हो गए, वहीं जब सुबह राजू ने दुकान आकर देखा तो सीसीटीवी कैमरे गए थे जिस पर तुरंत ही राजू ने 112 नंबर को सूचना दी, सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचे 112 नंबर पुलिस ने जांच पड़ताल शुरू कर दी, खबर प्रकाशित होने तक कोई भी तहरीर नहीं दी गई है ।

# स्कूल चलो अभियान की खुलेआम उड़ी धज्जियां

### बच्चों से घास कटवाने और झाड़ू लगवाने का वीडियो वायरल

कानपुर । जनपद के पनकी गंगागज के उच्च प्राथमिक विद्यालय में नौनिहालों से घास काटने और साफ सफाई की ट्रेनिंग दे रहा है। शिक्षकों द्वारा सीधे मासूम छात्रों को ग्रास कटर पकड़ा कर घास कटवाई जा रही है। ऐसा लग रहा है जैसे बच्चों को मजदूर बनाने का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। शायद तभी कोई मंत्री या उच्च अधिकारी अपने बच्चों को सरकारी स्कूल में पढ़ने के लिए नहीं भेजता है। जिस तरह के वीडियो सामने आए है उसे देख कर अब शायद ऐसा लगता है कि प्रदेश के सभी सरकारी स्कूलों का यही हाल होगा। वीडियो में साफ़ तौर पर देख जा सकता है कि क्लास में बच्चों के बैग रखे है,



लेकिन बच्चे नहीं है। दूसरे वीडियो में बच्चे स्कूल में उगी घास को काटते दिखाई दे रहे है। उसी वीडियो में कुछ बच्चे झाड़ू लगते भी दिखाई दे रहे है। इस बारे में जब बीएसए सुरजीत सिंह से बात की तो उन्होंने बताया, ऐसा एक वीडियो आप लोगों के माध्यम से मुझे मिला है। इसके अलावा इस मामले में मुझे कोई जानकारी नहीं है। साथ ही हम लोग वीडियो की जांच करवा कर दोषियों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्यवाही करेंगे।

# आज कड़ी सुरक्षा में होगी जुमे की नमाज, चप्पे-चप्पे पर तैनात रहेगी फोर्स

कानपुर । जुमे की नमाज को लेकर कानपुर पुलिस कमिश्नरेट और डीएम अलर्ट मोड पर हैं। गुरुवार को डीएम और पुलिस कमिश्नर ने मुस्लिम धर्म गुरुओं के साथ पुलिस लाइन में बैठक की। पुलिस कमिश्नर ने बताया कि सुरक्षा में चप्पे-चप्पे पर पुलिस और पीएसी तैनात की गई है। इसके साथ ही कैमरे और ड्रोन से निगरानी की जाएगी। बारिश में भी सुरक्षा व्यवस्था प्रभावित नहीं हो इसको देखते हुए पुलिस कर्मियों को छाता समेत अन्य इंतजाम किए गए हैं। पुलिस कमिश्नर बीपी जोगदंड ने बताया कि जुमे की नमाज को शांतिपूर्ण और व्यवस्थित ढंग से कराने के लिये कमिश्नरेट पुलिस ने अपनी पूरी तैयारी कर ली है। नमाज के लिये बड़ी संख्या में पुलिसकर्मी तैनात किए जाएंगे। ड्रोन कैमरों से निगरानी होगी। इस संबंध में गुरुवार को सभी अधिकारियों एवं थाना प्रभारियों को निर्देश दिया गया है कि वे समय पर ड्यूटी पर पहुंचे। बारिश से बचाव के लिए अपने साथ छाता रखे। 8 ड्रोन कैमरे लगाए जाएंगे। 50 वीडियोग्राफर कैमरे से जगह-जगह निगरानी करेंगे। सभी प्रमुख चौराहों को पीटीजेड कैमरों से लैस किया गया है । प्रमुख चौराहे व महत्वपूर्ण स्थान पर पब्लिक एड्रेस सिस्टम रहेगा। पीएसी के जवानों की ड्यूटी लगाई गई है। प्रमुख स्थानों पर वाटर कैनन और फायर टेंडर की सुविधा रहेगी। सादे कपड़े में एलआईयू और पुलिसकर्मी तैनात रहेंगे। 2000 सिविल डिफेंस के वालंटियर्स, और 1834 नवनियुक्त पुलिस युवा मित्रों की ड्यूटी लगाई गई है।



# सीडीओ ने अमृत सरोवर तालाब का किया निरीक्षण, स्वयं सहायता समूह की महिलाओं से की मुलाकात

कानपुर । नरवल तहसील क्षेत्र में सीडीओ ने अमृत सरोवर तालाब व जूनियर विद्यालय का निरीक्षण किया। आज गुरुवार को मुख्य विकास अधिकारी सुधीर कुमार ने नरायनपुर गांव में बने अमृत सरोवर तालाब का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिया। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि रुके हुए विकास कार्य जल्द से जल्द पूरे किए जाए। सीडीओ ने नरायनपुर गांव में बने जूनियर विद्यालय का औचक निरीक्षक किया। इस दौरान विद्यालय में समय से विलंब आए शिक्षकों को जमकर फटकार लगाई। सीडीओ सुधीर कुमार ने आजादी के 75वां अमृत महोत्सव के तहत हर घर तिरंगा अभियान में विपौसी स्वयं सहायता समूह की महिलाएं से झंडों के बारे में जानकारी ली। उन्होंने घर-घर तिरंगा अभियान के प्रति लोगों को प्रेरित किया। उन्होंने लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों पर कड़ी कार्रवाई की चेतावनी भी दी। सीडीओ ने जानकारी में बताया कि हर घर तिरंगा लगाने के लिए लोगों को जागरूक करने की जिम्मेदारी विभिन्न विभागों को दी गई है। ग्राम प्रधान, सचिव, सफाई कर्मी, रोजगार सेवक, आशा कार्यकर्ता, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व लेखपाल व परिषदीय विद्यालय के शिक्षक भी लोगों को जागरूक करेंगे। इस दौरान सीडीओ सुधीर कुमार, ग्राम प्रधान, स्वयं सहायता समूह की महिलाएं सहित समस्त गणमान्य मौजूद रहे।



## तीन दिन से बिजली न आने पर गुस्साए लोगों ने लगाया जाम, विभाग के खिलाफ नारेबाजी

फर्रुखाबाद । जिले के मोहल्ला कछियाना में तीन दिन से बिजली संकट हैं। मोहल्ले में बिजली खम्भा न होने पर पांच-पांच सौ मीटर तक केबल के तार झूल रहे हैं। परेशान लोग तीन दिन से बिजली विभाग के जेई से समस्या के समाधान की मांग कर रहे हैं। ग्रामीणों की समस्या पर कोई ध्यान नहीं दे रहा है। गुस्साए लोगों ने गुरुवार सुबह कादरीगेट-लिंजीगंज मार्ग पर जाम लगा दिया। लोगों ने बिजली विभाग के खिलाफ नारेबाजी भी की।



## आशा बहुओं और संगिनी को दी गर्भ समापन की जानकारी

### सीएचसी में सुभाष चिल्ड्रेन सोसाइटी ने की बैठक

उदय समाचार । कानपुर । सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पतारा में गुरुवार को सुभाष चिल्ड्रेन सोसाइटी की ओर से बैठक का आयोजन किया गया। इस दौरान आशा बहू और आशा संगिनी को गर्भ समापन की जानकारी दी गई। जिससे मातृ मृत्युदर कम हो सके। इस दौरान हर घर तिरंगा अभियान को सफल बनाने के लिए जागरूक किया गया। बैठक में सुभाष चिल्ड्रेन सोसाइटी की नेटवर्क परियोजना अधिकारी मंजू लता दुबे ने आशा बहुओं को गर्भनिरोधक अंतरा, छाया, निरोध, माला एन आदि साधनों की जानकारी दी। आशा बहुओं और आशा संगिनियों को एमटीपी एक्ट संशोधन 2021 के बारे में बताया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य मातृ मृत्यु दर को कम करना है कार्यकम में अमृत महोत्सव के अवसर पर सभी कार्यकताओं को तिरंगा का महत्व बताते हुए झंण्डा दिया गया।

उनसे घरों में झण्डा लगाने की अपील की गई। इस दौरान यहां पर पतारा चिकित्साधीक्षक डॉ नीरज सचान, शिवकुमरी, श्याम सुन्दर, अमित कुमार, आशा संगिनी संध्या पाठक, ममता देवी, वीना सिंह, विमला देवी और मीनाक्षी आदि उपस्थित रहीं।



## चार दबंगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

उरई-(जालौन)-माधोगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम बंगरा निवासी विजय यादव पुत्र भगवती यादव ने कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि गांव के ही गोलू यादव पुत्र बबलू यादव और उसके तीन अन्य साथियों ने मिलकर उसकी पत्नी के साथ गाली गलौज कर मारपीट की। जब उसने इसका विरोध किया तो उक्त लोग जान से मारने की धमकी देते हुए वहां से भाग गए। इस पर पुलिस ने चारों आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है।।

# यमुना नदी किनारे मिला अज्ञात शव, शिनाख्त में जुटी पुलिस

हमीरपुर । जिले में कुरारा थाना क्षेत्र के हरौलीपुर गांव के पास यमुना नदी के तट पर क्षत-विक्षत गला हुआ एक अज्ञात शव मिला है। जिसकी शिनाख्त नहीं हो सकी है। पुलिस शव को मोर्चरी में रखवाकर शिनाख्त के प्रयास में जुट गई है। सदर क्षेत्राधिकारी रवि प्रकाश ने बताया कि जो व्यक्ति मिला है उसकी उम्र करीब 45 वर्ष है, जिसकी लंबाई 5.5 है। नीला लोअर और काली टीशर्ट पहने हुए है। शव को मोर्चरी में रखवाकर शिनाख्त के प्रयास किए जा रहे हैं।



## बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने रक्त दान कर बने रक्त दानी।।

उरई-(जालौन)-अंतरराष्ट्रीय हिंदू परिषद राष्ट्रीय बजरंग दल जनपद जालौन के संयुक्त पदाधिकारियों द्वारा मेडिकल कॉलेज उरई में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें राष्ट्रीय बजरंग दल के पदाधिकारियों ने रक्तदान किया। जिला अध्यक्ष गणेश द्विवेदी ने बताया कि आज रक्तदान शिविर में राष्ट्रीय बजरंग दल द्वारा हिंदुत्व की रक्षा करने के लिए खून के कतरे को दान करने का संकल्प लिया गया है। उन्होंने कहा कि हिंदुत्व व्यक्ति का सबसे पहला धर्म है हिंदुत्व के बिना जीना व्यर्थ है। उन्होंने कहा कि रक्तदान करने से बड़ा इस दुनिया में कोई दान नहीं है रक्तदान करने से दूसरे की जान तो बचती ही है साथ ही हमें उसके परिवार का आशीर्वाद ही प्राप्त होता है।रक्तदान महादान है। इससे हमारे शरीर को कोई नुकसान नहीं होता, बल्कि कुछ जरूरतमंद लोगों की जान बचाने में हमारा योगदान जरूर हो जाता है और इससे बड़ा पुण्य का कार्य और कोई नहीं हो सकता।

इस दौरान जिला उपाध्यक्ष शिशुपाल सिंह, सचिन, संग्राम सिंह, विशाल सिंह, विपिन आदि पदाधिकारियों ने भी रक्तदान किया।।



## बढ़ती महंगाई को लेकर आप ने किया प्रदर्शन

जालौन–– खाने पीने की वस्तुओं पर जीएसटी लगाए जाने और बढ़ती महंगाई को लेकर आम आदमी पार्टी ने सड़कों पर जुलूस निकाला और राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन एसडीएम को सौंपा। आम आदमी पार्टी के जिलाध्यक्ष सुनील कुमार के नेतृत्व में अजीत सिंह, कांशीराम वर्मा, महेंद्र वर्मा, अल्पसंख्यक सभा जिलाध्यक्ष अब्दुल हमीद, यूथ विंग जिलाध्यक्ष मुकेश राजपूत, ग्याप्रसाद पांचाल, यशपाल सिंह टिकरी, नरेंद्र कुमार, राजू सेंगर, सपना सिंह, महिला जिलाध्यक्ष अनीता अग्रवाल, समेत लगभग आधा सैंकड़ा लोगों ने खाने पीने की वस्तुओं पर जीएसटी लगाने एवं बढ़ती महंगाई को लेकर नारेबाजी करते हुए मार्च किया और तहसील परिसर में पहुंचे। जहां उन्होंने राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन एसडीएम को सौंपकर बताया कि केंद्र की भाजपा सरकार लगातार बढ़ती मंहगाई पर कोई ध्यान नहीं दे रही है। उल्टा दूध, आटा, दाल, अस्पताल आदि को जीएसटी के दायरे में लाकर उनके दाम बढ़ाने का कार्य कर रही है। सिलेंडर के दाम पहले से ही बढ़े हुए हैं। पहले से ही मंहगाई की मार झेल रहा मध्यम वर्ग बढ़ती मंहगाई से लाचार है। एक ओर गरीब और मध्यम वर्ग की उपयोग की वस्तुओं पर टैक्स लगाकर उन्हें और मंहगा किया जा रहा है। दूसरी ओर कार्पोरेट टैक्स को कम कर अमीरों का लाभ पहुंचाया जा रहा है। किसानों और बेरोजगारों को नौकरी देने के लिए सरकार के पास धन नहीं है। जबकि अमीरों को छूट देकर लाखों करोड़ रुपये की सरकारी खजाने का चपत लगाई जा रही है। डॉलर के मुकाबले रुपये की घटती कीमत से आयतित सामान भी मंहगा होगा।

# बैंक कैशियर ने फांसी लगाकर की आत्महत्या, किराए के मकान में बाथरूम में लटकता मिला शव

बांदा । जिले के नरैनी थाना क्षेत्र में इंडियन बैंक के कैशियर ने किराए के मकान में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना मिलने पर कोतवाली पुलिस और उप जिला अधिकारी मौके पर पहुंचे। फॉरेंसिक टीम ने घटना वाले घर से नमूने इकट्ठा किए हैं। कस्बे की इंडियन बैंक शाखा के कैशियर अभिषेक चौधरी (25) पुत्र संतोष कुमार निवासी ललितपुर बांदा मार्ग पर स्थित किराए के घर में रहते थे। बीती रात अभिषेक ने बाथरूम में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। कोतवाली पुलिस आत्महत्या की वजह तलाश करने में जुटी है। उपजिलाधिकारी राबेन्द्र सिंह, क्षेत्राधिकारी नितिन कुमार, कोतवाली प्रभारी मनोज कुमार शुक्ला सूचना के बाद मौके पर पहुंचे और जांच पड़ताल शुरू कर दी। फॉरेंसिक टीम ने मौके पर पहुंच कर नमूने लिए हैं। मृतक पिता का इकलौता बेटा था। इसके एक बहन है। अभिषेक अविवाहित था। पुलिस ने परिजनों को सूचना दे दी है। परिजनों के आने के बाद ही शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा जाएगा।



# घर में रखी इन्वर्टर बैटरी में हुआ ब्लास्ट, इलाज के दौरान 9 साल के बच्चे की मौत

औरैया । जिले में घर में रखी इन्वर्टर की बैटरी फटने से नौ साल का बच्चा गंभीर रूप से झुलस गया था। परिजन उसे लेकर जिला अस्पताल पहुंचे। जहां बच्चे की हालत नाजुक होने पर उसे सैफई रेफर कर दिया गया। सैफई में आईसीयू में एडमिट कर उपचार किया गया। उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। मंगलवार की देर शाम शास्त्री नगर में सोलर पैनल एवं बैटरी का व्यवसाय करने वाले दिनेश दुबे उर्फ गुड्डू का पुत्र हर्ष उर्फ देवू दुबे (9) घर में खेल रहा था। कमरे में इन्वर्टर रखा था। इसी दौरान अचानक तेज धमाके के साथ बैटरी फट गई। हर्ष चपेट में आ गया और उसके एक हाथ आधा कट गया और आंख से लेकर पूरा शरीर झुलस गया था। घटना देख घर के सदस्यों में हड़कंप मच गया। बच्चे के दोनों हाथ, पेट एवं शरीर के अन्य अंग गंभीर रूप से झुलस गए थे। परिजन एंबुलेंस की मदद से बच्चे को चिचौली स्थित अस्पताल ले गए। वहां से गंभीरावस्था में बच्चे को सैफई के लिए रेफर कर दिया गया।

सैफई में बच्चे की हालत नाजुक बनी हुई थी। सैफई में उसे आइसीयू में एडमिट किया गया और वेंटिलेटर लगाया गया। गुरुवार की दोपहर हर्ष ने दम



तोड़ दिया। बालक की मौत से परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है। देवू इकलौता बेटा और एक छोटी बेटी भी है।

# डीएम व एसपी ने किया मदरसों व इमामबाड़े का भ्रमण, शांति के साथ त्योहार मनाए जाने की अपील

बहराइच । मोहर्रम के अवसर पर जनपद में कानून एवं शान्ति व्यवस्था बनाये रखने के उद्देश्य से डीएम ने भ्रमण किया। डीएम ने एसपी केशव कुमार चौधरी ने नगर क्षेत्र स्थित मदरसा नूरूल उलूम, काजीपुरा सैय्यदवाड़ा स्थित इमामबाड़ा नवाब साहब तथा मदरसा दारूल फिक्र दरगाह शरीफ का भ्रमण किया। इमामबाड़े के मुतव्वली से आवश्यक जानकारी प्राप्त करते हुए लोगों को शान्ति और सदभाव के साथ मोहर्रम का त्योहार मनाये जाने की अपील की। डीएम ने कहा कि मुख्यमंत्री व शासन की मंशा है कि शान्ति और सद्भाव के साथ बिना किसी भेदभाव के सभी लोग मिल जुलकर त्योहार मनाये। जिससे जनपद, प्रदेश और देश विकास के पथ पर अग्रसर रहे। सड़कों पर किसी प्रकार के धार्मिक आयोजनों की अनुमति नहीं होगी। डीएम व एसपी द्वारा इस बात पर प्रसन्नता व्यक्त की गई कि कारी जुबेर साहब के नेतृत्व में मौजूद मस्जिदों के पेश इमामों व संभ्रान्तजनों द्वारा शान्ति और सदभाव के साथ मोहर्रम का त्यौहार मनाये जाने हेतु आश्वस्त किया गया है। डीएम व एसएसपी ने कहा कि उन्हें आशा ही नहीं बल्कि पूर्ण विश्वास है कि शांति व सदभाव का संदेश देने वाले जनपदवासी पूर्व त्योहारों की भांति मोहर्रम को भी सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनायेंगे। इस अवसर



पर मौलाना इनायत उल्ला कासमी, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष हाजी तेजे खॉ सहित अन्य संबंधित लोग मौजूद रहे।

# बच्चों ने रैली निकालकर घर-घर तिरंगा लगाने के लिए किया जागरूक

औरैया । आजादी के अमृत महोत्सव को धूमधाम से मनाने के लिए जिला प्रशासन रात दिन काम कर रहा है। इसके तहत ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को जागरूक किया जा रहा है। अयाना के सेंगनपुर स्थित कृष्ण प्रिया एकेडेमी के छात्रों ने रैली निकालकर लोगों से 13 से 15 अगस्त तक घर–घर तिरंगा फहराने की अपील कर कर रहे हैं।

जिला प्रशासन आजादी के अमृत महोत्सव के मौके पर घर–घर तिरंगा फहराने को लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों को जागरुक करने में जुटा है। वहीं गुरुवार को बीहड़ी क्षेत्र के सेंगनपुर स्थित कृष्ण प्रिया एकेडेमी के छात्रों ने हाथों में तिरंगा लेकर रैली निकाली। इस दौरान छात्र छात्राओं ने शिक्षकों इंकलाब जिंदाबाद, व देश भक्ति गीतों से क्षेत्रीय लोगों के अंदर उत्साह पैदा किया। आजादी के अमृत महोत्सव के तहत अपने घरों पर 13 से 15 अगस्त तक राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा फहराने की अपील की गई। रैली के दौरान विद्यालय प्रबंधक राजकुमार दुबे (छुट्टन महाराज), प्रधानाचार्य केएस तिवारी, भोलू तिवारी, देवेंद्र तिवारी छोटू गुड्डू दुबे, जीतू सेंगर समेत विद्यालय के शिक्षक मौजूद रहे।



# मदरसे के छात्र-छात्राओं ने निकाली तिरंगा जागरूकता रैली, लोगों को किया जागरुक

बहराइच । आजादी के अमृत महोत्सव के तहत 11 से 17 अगस्त तक स्वतन्त्रता सप्ताह मनाया जाएगा। जिसके तहत हर घर तिरंगा फहराया जाना है। जिसमें जनपद वासियों की शत–प्रतिशत सहभागिता सुनिश्चित कराने और जागरूकता के लिए डीएम डॉ. दिनेश चन्द्र के नेतृत्व में मदरसों में शिक्षारत छात्र–छात्राओं ने विशाल तिरंगा यात्रा निकाली। जागरूकता रैली में शामिल छात्र–छात्राओं ने पूरे उत्साह और उमंग के साथ यौम–ए–आजादी अमर रहे अमर रहे, मादर–ए–वतन जिन्दाबाद, हिन्दुस्तान ज़िन्दाबाद और स्वतन्त्रता संग्राम सेनानी अमर रहें के नारे लगाए। जागरूकता रैली पर लोगों ने फूल भी बरसाए। डीएम ने कहा कि प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री की प्रेरणा से 'आजादी का अमृत महोत्सव मनाया जा रहा है।

जिससे प्रत्येक नागरिक के मन में राष्ट्र प्रेम की भावना जागृत हो और स्वतन्त्रता के प्रतीकों के प्रति सम्मान का भाव उजागर हो। हम अपने राष्ट्र ध्वज जो हमारी अस्मिता और आन बान शान का प्रतीक है। उसका सम्मान कर गौरान्वित हो सकें।



# मारपीट में घायल अधेड़ की इलाज के दौरान मौत

## खेत में लगे तार को हटाने में दो पक्षों में हुआ था विवाद

कानपुर । साढ़ थाना क्षेत्र में दो पक्षों में हुए विवाद में घायल अधेड़ ने दम तोड़ दिया। जानकारी मिलते ही पुलिस ने आक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए दबिश दे रही है। घायल की मौत के बाद घर में कोहराम मच गया। सूचना पर गांव के लोग भी जमा हो गए। ग्रामीण घर वालों को सांत्वना देते रहे। मामला थाना क्षेत्र के कुटिया रामपुर गांव का है। यहां के निवासी मन्नीलाल कुरील ने मंगलवार शाम थाने पहुंचकर पुलिस को तहरीर दी थी। बताया कि उनके खेत व घर गांव किनारे स्थित हैं। जिन पर ज्वार की फसल बोई हुई है। इसकी सुरक्षा के लिए उन्होंने खेतों में कंटीले तार लगाए थे।



खेत में मेरा बेटा आनंद उर्फ राहुल था। इसी समय वहां पर गांव के ही नंदलाल, उदयवीर सिंह, छोटे सिंह आए। वह खेत में लगे तार को तोड़कर हटा गिरा दिया। इसका विरोध मेरे बेटे ने किया तो तीनों ने मिलकर उसे पीटना शुरू कर दिया। बेटे से मारपीट की जानकारी पर मैं और मेरी पत्नी उसे बचाने पहुंचे। युवकों ने मेरे और मेरी पत्नी के साथ भी मारपीट शुरू कर दी। इससे मुझे गंभीर छोटे आई हैं। इसके बाद भीतरगांव सीएचसी से प्राथमिक उपचार कर घायल मन्नीलाल को हैलट रेफर कर दिया गया।

पुलिस ने मन्नीलाल की तहरीर पर बुधवार सुबह एससी–एसटी एक्ट समेत सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की थी। गुरुवार सुबह हैलट में इलाज के दौरान अधेड़ की मौत हो गई। मामले में थानाध्यक्ष जगदीश पांडेय ने बताया कि जानकारी मिलते ही एक आरोपी को हिरासत में लिया है। अन्य की तलाश में दबिश दी जा रही है।

# डीएम ने जिला अस्पताल का किया औचक निरीक्षण, डॉक्टर गायब मिले तो लगाई फटकार

उन्नाव । जिलाधिकारी अपूर्वा दूबे ने जिला अस्पताल का औचक निरीक्षण किया। जहां उन्होंने अस्पताल की ओपीडी से लेकर इमरजेंसी तक का निरीक्षण कर मरीजों को मिल रही सुविधाओं के बारे में जानकारी ली। साथ ही अस्पताल में तैनात डाक्टरों को आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए। यही नहीं डीएम ने दवा स्टॉक का मिलान भी किया। निरीक्षण के दौरान कुछ डॉक्टर अनुपस्थिति मिले जिनको चेतावनी देने की बात कही है। डीएम अपूर्वा दुबे ने आज दोपहर जिला अस्पताल का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण की सूचना मिलते ही स्वास्थ्यकर्मियों में हड़कंप मच गया। उन्होंने ओपीडी में सबसे पहले पर्चा काउंटर पर मरीजों की संख्या को लेकर



जानकारी ली। इनके उपरांत उन्होंने बारी–बारी से ओपीडी कक्ष में पहुंच कर डॉक्टरों द्वारा की जा रही मरीजो के उपचार को लेकर जानकारी ली। डीएम अपूर्वा दूबे ने इस दौरान कई मरीजों के पर्चे देखकर उन्हें अस्पताल में मिल रही सुविधाओं एवं बाहर के लिए लिखी जा रही दवा के संबंध में सवाल किए। जिस पर मरीज गीता ने डीएम को बताया कि सभी दवाएं अस्पताल से मिल रही हैं। इसके बाद उन्होंने ओपीडी के ब्लॉक का निरीक्षण किया। जहां चिकित्सकों को मरीजों का सही उपचार कर सभी दवाएं अस्पताल से ही उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। डीएम ने अल्ट्रासाउंड, डिजिटल एक्सरे, ब्लड बैंक और पैथालाजी का भी निरीक्षण किया। इस दौरान जिला अस्पताल के एसीएमओ नरेंद समेत अन्य स्टाफ मौजूद रहे। उन्नाव डीएम अपूर्वा दुबे के निरीक्षण के दौरान कुछ डॉक्टर अनुपस्तिथि मिले। इस दौरान डीएम का पारा हाई हो गया।

डीएम ने सीएमओ को निर्देश दिए कि उन्हें चेतावनी दी जाए। यदि दोबारा ऐसा पाया गया तो संबंधित के खिलाफ कड़ी कार्यवाही की जाएगी।

# डीएम,एसपी की अध्यक्षता में हुई पीस कमेटी की बैठक।।

उरई–(जालौन)–जिलाधिकारी चांदनी सिंह की अध्यक्षता में पीस कमेटी की बैठक विकास भवन के रानी लक्ष्मीबाई सभागार में संपन्न हुई जिलाधिकारी ने कहा कि मोहर्रम,रक्षाबन्धन, जन्माष्टमी आदि पर्व पर शांति व सौहार्द के साथ सम्पन्न होने चाहिए। हम सभी की यह जिम्मेदारीदारी है। त्यौहारों पर प्रशासन व पुलिस द्वारा शान्ति व्यवस्था पर पूरे तरीके से नजर रखी जायेगी। संवेदनशील स्थानों पर भारी पुलिस बल तैनात रहेगा। किसी तरह की अफवाह फैलाने व शान्तिभंग करने का प्रयास करने वाले लोगों को पकड़ कर कड़ी कार्यवाही की जायेगी। उन्होंने कहा कि मोहर्रम पर्व के दृष्टिगत जिले में चिन्हित स्थानों से ताजिया निकलेंगे। ताजिया जुलूस में हर स्थान पर वालेंटियर्स नामित किये जायें, जो प्रशासन का सहयोग करेंगे। अधिकारी संयुक्त रूप से अपने अपने क्षेत्र में ताजिया रूटों का निरीक्षण कर ले। पुलिस अधीक्षक रवि कुमार ने कहा कि जैसे कावड़ यात्रा को




सकुशल सम्पन्न कराया गया, उसी प्रकार ताजिया का जुलूस सकुशल सम्पन्न होने चाहिए और कहा कि इस बात का विशेष रूप से ध्यान दिया जाए कि सावन माह का चौथा सोमवार पड़ रहा है। जिसमे मंदिर में श्रद्धालुओं की काफी भीड़ होगी। इसी के साथ सोमवार को ताजिया का जुलूस भी निकलेगा। त्यौहार सकुशल सम्पन्न हो यह हम सब की जिम्मेदारी है। अंत में जिलाधिकारी ने समस्त जनपद स्तरीय अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि जनपद में किसी भी प्रकार का माहौल नही बिगड़ना चाहिए त्यौहार को शांतिपूर्ण ढंग से मनाए जाने हेतु आम जनमानस अपील करे। इस अवसर पर समस्त उपजिलाधिकारी, समस्त क्षेत्राधिकारी, समस्त थानाध्यक्ष सहित समस्त धर्मगुरु मौजूद रहे।।

# तेज रफ्तार बस की टक्कर से बाइक सवार युवक की दर्दनाक मौत

उन्नाव । बांगरमऊ में गुरुवार शाम बाइक पर सवार होकर बाजार जा रहे दो युवकों को बस ने टक्कर मार दी। हादसे में एक युवक की दर्दनाक मौत हो गई। वहीं उसका दोस्त हादसे में बाल–बाल बच गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। हादसे के बाद चालक बस लेकर फरार हो गया। मोहल्ला कटरा निवासी शमशेर (40) पुत्र मुन्ने पड़ोसी युवक के साथ बाइक से नगर की नौनिहाल गंज बाजार जा रहा था। रास्ते में बांगरमऊ के स्टेशन रोड चौराहे पर एक तेज रफ्तार अनियंत्रित बस ने बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर से शमशेर सड़क पर गिर गया और बस का पहिया उसके ऊपर से निकल गया। जबकि बाइक चालक युवक बाल–बाल बच गया। हादसे में शमशेर गंभीर रूप से घायल हो गया। लोगों की सहायता से उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया। जहां से जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। रास्ते में समय शमशेर ने दम तोड़ दिया। मृतक अपने पीछे पत्नी शबीना चार बच्चे अलशिफा (13), अली (10), अहद (7) अलसमद (3) को रोते छोड़ गया। शमशेर अपने घर में परचून की दुकान चलाता था। इसके अलावा वह फेरी कर ग्रामीण क्षेत्रों में कुकर भी बेचता था। वहीं बस एक निजी स्कूल की बताई जा रही है।



# कोर्ट के आदेश पर सात लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज।।

उरई –(जालौन)–कैलिया थाना क्षेत्र के ग्राम विनोरा राजा निवासी राहुल कुमार पुत्र दीनदयाल ने कोर्ट के आदेश पर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया। रानू और सबीर पुत्र अतर सिंह निवासी नदीगांव और उसके चार अन्य साथियों ने मिलकर उसके साथ मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी।

जब उसने इसका विरोध किया तो उन लोगों ने उसका मोबाइल तोड़ दिया। इस पर कोतवाली पुलिस से रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की बात कही है।।